सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 342 | इंदौर, सोमवार 29 जून, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

अफगानिस्तान का 'ब्लैक संडे'...

## पाकिस्तान के फाइटर जेट्स ने गिराए तबाही के गोले

### 34 बेगुनाहों की मौत



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एक फिर से गतिरोध बढ़ गया है. यह गतिरोध कराची में हाल में हुए हमले को लेकर बढ़ा है. पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में रात के समय हवाई हमले किए हैं. इन हमलों में 34 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और 40 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं. यह हमले पाकतिका और पाकतिया प्रांत के अलग-अलग इलाकों में किए गए हैं. मरने वालों में सभी आम नागरिक बताए जा रहे हैं. टोलो न्यूज को मिली जानकारी के मुताबिक यह हमले रविवार रात को हुए हैं. पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के पाकतिका प्रांत के गयान जिले और पाकतिया प्रांत के समकानी जिले में सिविल इलाकों को निशाना बनाया है. इन हमलों में 34 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 40 से ज्यादा लोग जख्मी हुए हैं. सूत्रों का कहना है कि मरने वालों में कोई भी सैनिक नहीं था, सभी आम लोग थे. इसके अलावा यह भी बताया गया है कि पाकिस्तानी सेना ने कुनार प्रांत के कई इलाकों को भी निशाना बनाया है. पाकतिया पुलिस कमांड के प्रवक्ता मुनीब जादरान ने टोलो न्यूज से बात करते हुए इस हमले की पुष्टि की है.

## ट्रैफिक ठप, अंधेरी सबवे बंद और हर तरफ जलभराव...

### भारी बारिश से मुंबई बेहाल



**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई में मॉनसून की जोरदार बारिश ने शहर के कई इलाकों को पानी-पानी कर दिया है. सड़कें तालाब बन गई हैं, ट्रैफिक ठप हो गया है. लोगों को घरों से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. अंधेरी सबवे (अंडरपास) में इतना पानी भर गया है कि उसे यातायात के लिए बंद कर दिया गया है. रातभर की बारिश से अंधेरी, बांद्रा, खार, मालाड, गोरेगांव, जुहू, वर्सोवा जैसे इलाकों में सबसे ज्यादा असर देखा गया है. वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर भी पानी भरने से गाड़ियों की रफ्तार धीमी हो गई. बृहन्मुंबई नगर निगम के मुताबिक, अंधेरी सबवे में पानी भर गया है, जिसके बाद उसे बंद करना पड़ा.

नीमच में बड़ा निवेश

# आज मिलेगी 1,554 करोड़ रुपये की औद्योगिक सौगात

## सीएम 38 परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सोमवार को नीमच जिले को करीब 1,553.98 करोड़ रुपये की औद्योगिक परियोजनाओं की बड़ी सौगात देंगे। वे जिले में 38 औद्योगिक परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। इन परियोजनाओं से 3,201 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे और नीमच को प्रदेश के उभरते औद्योगिक केंद्र के रूप में नई पहचान मिलेगी। साथ ही इन परियोजनाओं के शुरू होने से नीमच जिले में औद्योगिक निवेश को नई गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### 30 नई परियोजनाओं का भूमिपूजन, 8 का होगा लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान 30 नई औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन तथा 8 पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। इनमें 15 परियोजनाएं मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) तथा 23 परियोजनाएं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई ) विभाग से संबंधित हैं।



### एमपीआईडीसी और एमएसएमई परियोजनाओं का योगदान

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, एमपीआईडीसी की 15 परियोजनाओं में 1,502.31 करोड़ रुपये का निवेश होगा, जिनसे 2,753 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। वहीं एमएसएमई विभाग की 23 परियोजनाओं में 51.67 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे 448 लोगों को रोजगार मिलेगा।

### सबसे बड़ा निवेश धनुका बायोटेक की परियोजना में

इन परियोजनाओं में सबसे बड़ा निवेश धनुका बायोटेक की सोलर टेम्पर्ड ग्लास निर्माण इकाई में होगा। इस परियोजना पर 1,247.71 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है, जिससे 1,690 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। इसके अलावा प्रमुख परियोजनाओं में बाबजी इंडस्ट्रियल की पॉलिएस्टर स्टेपल फाइबर निर्माण इकाई (81.30 करोड़ रुपये), विश्वेश्वरा डेनिम प्राइवेट लिमिटेड की अपैरल एवं टेक्सटाइल यूनिट (66 करोड़ रुपये) और बिग सी रिन्यूएबल एनर्जी का बायो-सीएनजी प्लांट (61 करोड़ रुपये) भी शामिल हैं।

तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

# अभियान के पहले दिन टीकाकरण केंद्रों पर लाखों बच्चों को पिलाई गई पोलियो निरोधक दवा

## अभियान के तीन दिनों में 5 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को कलेक्टर शिवम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में शासकीय पॉलीक्लिनिक हुकुमचंद परिसर में किया गया। अभियान की शुरुआत छोटे बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर की गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वर्मा ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं और इस जनजागरूकता अभियान में भागीदार बनें।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि इंदौर आने वाली पीढ़ी के स्वास्थ्य को लेकर सजग है और पोलियो उन्मूलन के लिए यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान जागरूकता के लिए निकाली



गई ऑटो रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही उन्होंने हुकुमचंद पॉलीक्लिनिक, रेबीज टीकाकरण केंद्र, नियमित टीकाकरण केंद्र, आदर्श टीकाकरण केंद्र और डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण भी किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 5 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई गई,



जबकि अगले दो दिनों तक घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों तक टीम पहुंचेगी। पोलियो निरोधक दवा की खुराक देने के लिए जिले में 3600 से अधिक बूथ बनाए गए, मोबाइल टीमों और 8 हजार से अधिक स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती की गई।

अभियान के तहत विशेष ध्यान हाई रिस्क क्षेत्रों, मलिन बस्तियों, निर्माण स्थलों, घुमंतू आबादी तथा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे ट्रांजिट प्वाइंट्स पर दिया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रह जाए।

# भाई की हत्या का बदला लेने प्रॉपटी ब्रोकर को उतारा था मौत के घाट

## 11 आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी कारोबारी अभितेंद्र उर्फ अभी तोमर की गोली मारकर की गई हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपियों में हत्या में शामिल पांच मुख्य आरोपी और उन्हें फरारी के दौरान शरण व सहयोग देने वाले छह अन्य लोग शामिल हैं।**







पुलिस के मुताबिक घटना के बाद आरोपियों की तलाश में विशेष टीमें दिल्ली, मथुरा, वाराणसी सहित कई राज्यों में लगातार दबिश दे रही थीं। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी अग्रिम जमानत की प्रक्रिया के लिए इंदौर आने वाले हैं। इसके आधार पर पुलिस ने बायपास क्षेत्र में घेराबंदी कर मुख्य आरोपी गुलशन यादव, पियूष, सत्यवीर, चंद्रकांत और गौरव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मुख्य आरोपी गुलशन यादव ने बताया कि कुछ समय पहले उसके भाई की हत्या अभितेंद्र उर्फ अभी तोमर ने की थी। उसी का बदला लेने की योजना बनाकर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अभितेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने उन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की, जिन्होंने हत्या के बाद आरोपियों को छिपने और फरारी काटने में मदद की। इस मामले में छह अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इनमें चंद्रकांत की पत्नी प्रीति भी शामिल है, जिस पर आरोपियों को शरण देने का आरोप है। पुलिस के अनुसार सभी गिरफ्तार आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। मुख्य आरोपी गुलशन यादव के खिलाफ भिंड जिले में हत्या, हत्या के प्रयास और अन्य गंभीर अपराधों सहित 26 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। अन्य आरोपियों का भी भिंड और आसपास के जिलों में आपराधिक रिकॉर्ड है। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान वारदात में इस्तेमाल हथियार, घटना की साजिश और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी गुलशन यादव और उसके साथियों ने 21 मई 2026 की देर रात लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित गुलाब बाग पेट्रोल पंप के सामने प्रॉपर्टी कारोबारी अभि उर्फ अभितेंद्र तोमर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उस समय अभितेंद्र अपनी कार में दोस्तों के साथ बैठा था। इसी दौरान गुलशन और उसके साथी वहां पहुंचे और उस पर दो से तीन राउंड फायर किए। गंभीर रूप से घायल अभितेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आरोपी वारदात के बाद फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया और उनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर दिल्ली, मुंबई और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में दबिश दी। इसी बीच सूचना मिली कि आरोपी अग्रिम जमानत के सिलसिले में इंदौर बायपास आने वाले हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### इन्हें किया गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में गुलशन यादव, पीयूष गुर्जर, सत्यवीर जाटव, चंद्रकांत लहरिया और गौरव जाटव को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन्हीं पांचों ने मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया। मुख्य आरोपी गुलशन यादव के खिलाफ भिंड जिले में 26, सत्यवीर जाटव के खिलाफ छह और चंद्रकांत लहरिया के खिलाफ 12 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वहीं, हत्या के बाद आरोपियों को फरारी के दौरान शरण और सहयोग देने के आरोप में पुलिस ने नरेश जाटव, भानु गुर्जर, गौरव मौर्य, तुलसीराम जाटव, राजेंद्र शर्मा और प्रीति लहरिया को भी गिरफ्तार किया है।

# बैरवा प्रतिभा सम्मान समिति ने किया 74 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। बैरवा प्रतिभा सम्मान समिति के संचालक सदस्य फूलसिंह कुवाल बैरवा एवं अशोक डोहरे ने बताया कि आरएन बैरवा (आईएएस) सेवा निवृत्त अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन की सातवीं पुण्यतिथि स्मरण पर इंदौर बैरवा समाज के मेधावी, प्रतिभावान विद्यार्थी जिन्होंने मध्यप्रदेश बोर्ड एवं सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 75% से अधिक अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की उनके उत्साहवर्धन एवं प्रोत्साहित करने हेतु समारोह का आयोजन जाल सभागृह में आयोजित किया। कार्यक्रम में 10वीं के 34 विद्यार्थी 12वीं कक्षा के 26 विद्यार्थी और 14 विशिष्ट प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया, कुल 74 प्रतिभाओं का समिति द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भागचंद बैरवा प्रोफेसर नई दिल्ली, श्रीमती किरण सिंह सुपुत्री आरएन बैरवा (आईएएस), बाबूलाल तिलकर सवाईमाधोपुर (राजदूत राजस्थान सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ), एआर सिंह मुख्य अभियंता भोपाल सहित मुख्य संयोजक कन्हैयालाल लोदवाल, रामकरण गोठवाल, डॉ. कैलाश जोनवाल एवं समिति के संचालक सदस्यों द्वारा सभी प्रतिभाओं का स्वागत सत्कार कर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा श्रद्धेय आरएन बैरवा के कार्यकाल के विषय पर उद्बोधन कर समाज के प्रति उनकी कार्यशैली, समर्पण और विकासशील विचारधाराओं से सभा में उपस्थित सभी को अवगत कराया। समिति के सदस्य श्रीमती रजनी भारती जी, डॉ.आर.एन. निहोरे, ओमप्रकाश जाटवा, महेन्द्र कुमार बुवे,दिलीप अखंड, रामअवतार निहोरे, अनूप कुमार मरमट, राजकुमार राजलवाल,नरेश टंडन,डॉ.हरिश आर्य, डॉ.अखिलेश लोदवाल, एन.के.बैण्डवाल, लक्ष्मी नारायण बरुआ, विजेन्द्र लोदवाल, बालकिशन कुन्हरमे, रमेश गोमे, देवेंद्र बिटोलिया भी उपस्थित रहे। आभार श्री रामकरण गोठवाल जी ने व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का संचालन श्री कमल बैरवा जी ने प्रशंसनीय एवं सटीक शब्दों द्वारा किया जिसकी सभी लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

# आईटीआई इंदौर एवं आईआईटी इंदौर मिलकर कौशल विकास को देंगे नई दिशा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शासकीय संभागीय आईटीआई इंदौर की प्राचार्य श्रीमती रीना सोलंकी एवं ट्रेनिंग, प्लेसमेंट एवं अपरेंटिसशिप एडवाइजर विपिन पुरोहित ने 27 जून को आईआईटी इंदौर के 14वें दीक्षांत समारोह में सहभागिता की।**

इस अवसर पर उन्होंने आईआईटी इंदौर की विभिन्न अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया तथा दोनों संस्थानों के मध्य कौशल विकास, तकनीकी प्रशिक्षण, नवाचार एवं विद्यार्थियों के क्षमता संवर्धन हेतु एमओयू की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में इस बात पर सहमति व्यक्त की गई कि आईटीआई इंदौर एवं आईआईटी इंदौर के संयुक्त प्रयासों से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों, उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण, नवाचार एवं अनुसंधान-आधारित अधिगम के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। यह पहल युवाओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने के साथ-साथ प्रदेश में कौशल विकास को नई गति प्रदान करेगी।

## सायबर अपराधों को लेकर लोगों में जागरूकता लाने के लिए

# पुलिस ने किया साइक्लोथॉन का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने रविवार को "Pedal of Safety, Pedal for Awareness" थीम पर साइक्लोथॉन का आयोजन किया।**




मध्यप्रदेश पुलिस के सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर 70 वर्षीय वरिष्ठ नागरिकों तक ने उत्साह के साथ भाग लिया और "सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन" का संदेश दिया।

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित साइक्लोथॉन का उद्देश्य नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आर.के. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

वहीं पुलिस उपायुक्त (अपराध) राजेश त्रिपाठी, डीसीपी जोन-3 अभिषेक रंजन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मीना चौहान, विभिन्न एसीपी, थाना प्रभारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

साइक्लोथॉन में शहर के युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं, सामाजिक संगठनों और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

आयोजन की खास बात यह रही कि छोटे बच्चों से लेकर करीब 70 वर्ष की आयु के वरिष्ठ नागरिक भी पूरे उत्साह के साथ साइकिल रैली में शामिल हुए और साइबर सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली शुरू होने से पहले सभी प्रतिभागियों ने जुम्बा सेशन में हिस्सा लेकर वार्म-अप किया। इसके बाद साइकिल रैली के माध्यम से लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने और अन्य साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने का संदेश दिया गया। इंदौर पुलिस ने बताया कि सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत आगे भी शहरभर में विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि नागरिक साइबर अपराधों से बचाव के प्रति अधिक जागरूक और सतर्क बन सकें।

# हाइवे पर हादसा : रोड रोलर में स्क्रेप का ट्राला घुसा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** रात को हाइवे पर भीषण सडक हादसा हो गया, रोड निर्माण के लिए चल रहे रोलर में पीछे से एक स्क्रैप से भरा ट्राला जा घुसा। हादसे में ट्राला का अगला हिस्सा दब गया और उसमें सवार ड्राइवर और क्लीनर को चोटें आई है। बताया जा रहा है कि उज्जैन से ट्रक में स्क्रेप भरकर भवानी नगर के पिता-पुत्र ड्राइवर-क्लीनर इंदौर की तरफ ट्राला लेकर आ रहे थे। इस बीच धरमपुरी के पास साईं विहार कॉलोनी के सामने से जा रहे रोड रोलर में ट्राला घुस गया। रोड रोलर में पीछे कोई लाइट नहीं चल रहा था, जिसके चलते ट्राला चला रहे ड्राइवर को वह दिखा नहीं और हादसा हो गया। घटना में ट्राले का अगला हिस्सा बुरी तरह दब गया। उसमें सवार ड्राइवर और क्लीनर को लोगों ने बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताला पहुंचाया। जब हादसा हुआ तब उस क्षेत्र में तेज बारिश भी हो रही थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ट्राले और रोलर को जब्त कर थाने ले जाया गया।

# यात्री बसों पर आरटीओ की कार्रवाई नियम तोड़ने पर 5 बसें जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रविवार को यात्री वाहनों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) इंदौर और संभागीय परिवहन उड़नदस्ता की संयुक्त कार्रवाई में नियमों का उल्लंघन करने वाली पांच यात्री बसों को जब्त किया गया।**



तीन इमली चौराहे पर चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत यात्री बसों और अन्य व्यावसायिक वाहनों की सघन जांच की गई। अधिकारियों ने वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, रजिस्ट्रेशन और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। साथ ही यह भी परखा गया कि वाहन निर्धारित फिटनेस और परमिट शर्तों का पालन कर रहे हैं या नहीं।

जांच के दौरान बसों में लगाए गए फायर सेफ्टी उपकरणों, स्पीड गवर्नर और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि सभी सुरक्षा उपकरण सुचारू रूप से कार्य कर रहे हों और यात्रियों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता न किया जा रहा हो।

अभियान के दौरान परिवहन अधिकारियों ने यात्रियों से सीधे बातचीत कर फीडबैक भी लिया। उनसे पूछा गया कि कहीं चालक बस को तेज गति से तो नहीं चलाते, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग तो नहीं करते और यात्रा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही तो नहीं बरती जाती। यह कार्रवाई आरटीओ प्रदीप शर्मा और संभागीय परिवहन उड़नदस्ता प्रभारी आकाश सिटोले के नेतृत्व में की गई। अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यात्री बसों के साथ-साथ स्कूल और कॉलेजों में संचालित वाहनों की भी आकस्मिक जांच की जाएगी। शैक्षणिक संस्थानों की बसों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिलेभर में विशेष अभियान निरंतर जारी रहेगा। अधिकारियों का कहना है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि यात्रियों और विद्यार्थियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है... समाज में व्याप्त भ्रष्टचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है... तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

★ ★ ★ ★ ★

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे। या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे

www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है)

## फेसबुक पर एक लाख का लोन लेने गया था छात्र सिंगल क्लिक में खाली हो गया बैंक खाता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हीरानगर में एक छात्र साइबर ठगी का शिकार हो गया। आरोपियों ने खुद को फाइनेंस कंपनी का अधिकारी बताकर लोन दिलाने का झांसा दिया और प्रोसेसिंग चार्ज सहित अलग-अलग शुल्क के नाम पर उससे लगातार रुपए ट्रांसफर कराते रहे। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हीरानगर पुलिस के मुताबिक मारुति नगर निवासी अनिरुद्ध भदौरिया की शिकायत पर ऑनलाइन फ्रॉड का मामला दर्ज किया गया है। अनिरुद्ध ने बताया कि वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। 18 जून को उसकी फेसबुक आईडी पर लोन के लिए आवेदन करने का मैसेज आया, जिसमें एक लिंक भेजी गई थी। उसने लिंक पर क्लिक कर अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर दिया। कुछ देर बाद एक नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने व्हाट्सएप पर सभी दस्तावेज, बैंक अकाउंट की जानकारी और फोटो मांगे। दस्तावेज भेजने के बाद एक लाख रुपए का लोन स्वीकृत होने का मैसेज आया। भेजे गए लेटर पर इंडियाबुल्स धानी फाइनेंस कंपनी का नाम लिखा था। इसके बाद प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर 2,250 रुपए यूपीआई के माध्यम से जमा कराए गए।

## अतिक्रमण और पार्किंग के शिकार 60 फीट रोड के फुटपाथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** वीआईपी से एयरपोर्ट रोड को जोड़ने वाले 60 फीट रोड फुटपाथों की स्थिति दयनीय है। जगह-जगह अतिक्रमण और पार्किंग के कारण पूरी रोड़ पर फुटपाथ के ठिकाने नहीं है। ऐसे में पैदल यात्रियों को वाहनों की आवाजाही के बीच से सफर तय करना पड़ता है। एक भी ऐसा स्थान नहीं है, जहां फुटपाथ कब्जे से मुक्त नजर हो। कहीं दुकानों का सामान बाहर पड़ा है, तो कहीं फुटपाथ को पार्किंग बना दिया गया है।

60 फीट रोड पर दो प्रकार की स्थिति देखने को मिलती है। एयरपोर्ट रोड़ से लेकर पेट्रोल पंप तक फुटपाथ पर दुकानदारों के कब्जे हैं। दुकानदारों ने अपने अनुसार निर्माण कर फुटपाथ को दुकान का सामान रखने लायक बना लिया है। खाने-पीने की दुकानों के बाहर फुटपाथ पर या तो स्टाल नजर आते हैं या टेबल कुर्सी रखी गई है। दूसरी ओर पेट्रोल पंप से लेकर वीआईपी रोड़ पर सड़क और दुकान न दुकानों के बीच कई स्थानों पर काफी कम जगह बचती है। ऐसे में यहां फुटपाथ का नामो निशान नहीं है। कुछ स्थानों पर मकान और दुकान सीधे सड़क से लगे हुए हैं, ऐसे में यहां फुटपाथ बनाने का कोई स्थान नहीं है। पिछले वर्ष नगर निगम द्वारा दुकानों के सामने ड्रेनेज लाइन डालने के लिए खोदाई की गई थी, कुछ स्थानों पर सुधार हो चुका है, जबकि कई स्थान ऐसे भी है, जहां कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है। विगत वर्ष से ही क्षेत्र खुदा पड़ा होने से यहां भी फुटपाथ के लिए जगह नहीं बचती है और यह स्थान अब पार्किंग के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इससे सड़की चौड़ाई भी काफी कम हो चुकी है। फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए यहां नगर निगम द्वारा कुछ माह पूर्व कार्रवाई की गई थी, जिसके चलते दुकानों के बाहर बने ओटले तोड़े गए। इसके बाद जिम्मेदारों को यहां फुटपाथ का निर्माण कार्य करवाना था, लेकिन कार्रवाई के बाद क्षेत्र की कोई सुध नहीं ली, नतीजतन दुकानदारों ने अपनी मर्जी के अनुसार निर्माण कार्य कर लिया और इसका दुकान का सामान रखने के लिए उपयोग करने लगे। कुल मिलाकर जिम्मदारों की लापरवाही और दुकानदारों के अतिक्रमण का परिणाम जनता भुगत रही है और क्षेत्र में फुटपाथ के स्थान पर कब्जे नजर आते हैं।

●पल्स पोलियो अभियान और नवाचारी योजना 'सुमन पंचायत' का किया शुभारंभ

# स्वास्थ्य क्षेत्र में जनभागीदारी से मध्यप्रदेश बना है अग्रणी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में जनभागीदारी के फलस्वरूप मध्यप्रदेश अग्रणी है। सुमन पंचायत का नवाचार और अच्छे परिणाम लाने में सहयोगी होगा क्योंकि जो पंचायतें ग्रामवासियों को विशेष कर बच्चों को स्वस्थ्य रखने के लिए सक्रिय रहेंगी, उन्हें प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे। वर्तमान में भी मातृ वंदना योजना, सर्वाइकल कैंसर से बेटियों को बचाने और बच्चों को खसरा सहित अन्य रोगों से बचाने के लिए जनभागीदारी से बेहतर कार्य हो रहा है।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में उच्चतम मापदंड स्थापित करने का कार्य किया है। कोविड जैसे बड़े संकट से निपटने के लिए उन्होंने प्रबल इच्छाशक्ति का परिचय दिया। आज पूरे देश में मातृ और शिशु दर कम करने और रोगों को जागरूकता से नियंत्रित करने की दिशा में सार्थक कार्य हो रहा है। मध्यप्रदेश में अनेक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में अच्छे परिणाम दिए हैं। जनकल्याण का यह अभियान जारी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर प्रदेश की जन स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल, जनभागीदारी आधारित अभिनव नवाचारी पहल "सुमन पंचायत" योजना का शुभारंभ और स्टेट एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) एक्शन प्लान 2.0 का अनावरण किया। साथ ही स्वास्थ्य पुस्तिकाओं का लोकार्पण एवं स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी लघु फिल्में भी दिखाई गईं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसी ने भगवान को नहीं देखा लेकिन चिकित्सक द्वारा अपनेपन के साथ की गई देखरेख और दिया गया उपचार रोगी को स्वस्थ बनाता है। इस नाते चिकित्सक ईश्वर का ही रूप है। मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग का एकीकरण किया गया था। मध्यप्रदेश में जनस्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं का श्रेष्ठ क्रियान्वयन हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल जिले के कुकरू में रविवार की सुबह राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत तीन बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया और प्रशासन अकादमी में हुए विशेष कार्यक्रम में इस तीन दिवसीय विशेष अभियान में प्रतीक स्वरूप पांच बच्चों को दवा पिलाई। अभियान के अंतर्गत 29 और 30 जून को घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सर्वाइकल कैंसर से बेटियों को बचाने के कार्य में पूरे देश में अव्वल है। यह नतीजे स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, अधिकारियों, पैरा-मेडिकल स्टॉफ, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों और नागरिकों की सामूहिक भूमिका से प्राप्त हुए हैं, जिसके लिए सभी अभिनंदन के पात्र हैं। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री अशोक बर्णवाल, स्वास्थ्य आयुक्त श्री धनराजू, एनएचएम की एमडी श्रीमती सलोनी सिडाना और अन्य अधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वास्थ्य संचार से जुड़े प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम् और समापन राष्ट्रगान जन-गण-मन से हुआ।

### 'सुमन पंचायत' से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा को मिलेगा बल

प्रदेश में प्रारंभ की गई "सुमन पंचायत" (सुरक्षित मातृत्व आश्वासन पंचायत) योजना का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के साथ समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। ऐसी पंचायतें जिनमें एक वर्ष तक मातृ मृत्यु पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु तथा खसरा एवं रूबेला के मामले दर्ज नहीं होंगे, उन्हें एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह पहल संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, पोषण तथा उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की समय पर पहचान को प्रोत्साहित करेगी।

## ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, जीजा-साली की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नरसिंहपुर, एजेंसी।** नरसिंहपुर के मूनलाइट गार्डन के पास रविवार को बाइक सवार 3 लोगों को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में जीजा-साली की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। बाइक सवार करीब 20 मीटर तक घसीटते रहे। बच्ची के शरीर के टुकड़े सड़क पर चिपक गए।

जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान मानसी धानक (9) और नर्मदापुरम निवासी सोमनाथ धानक (22) के रूप में की गई है। वहीं रायसेन निवासी हल्के धानक गंभीर रूप से घायल है। मुंह, सिर और पेट में गंभीर चोटें आई हैं। हादसा इतना भीषण था कि पुलिस को साली मानसी के शव के टुकड़ों को पॉलिथीन में समेटना पड़ा। पुलिस ने बताया- नर्मदा प्रसाद धानक के छोटे दामाद हल्के धानक, जो रायसेन जिले के रहने वाले हैं। उनके घर कुछ दिन पहले बच्चे का जन्म हुआ था। परिवार में खुशी का माहौल था। इसी खुशी को रिश्तेदारों के साथ साझा करने के लिए नर्मदा प्रसाद की बेटी मानसी और बड़े दामाद सोमनाथ धानक खमरिया गांव पहुंचे थे। रविवार को तीनों रिश्तेदारों के घर लड्डू बांटने निकले थे। कई जगह मिठाई बांटने के बाद दोपहर करीब 12:24 बजे वे बाइक से वापस लौट रहे थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे तीनों की बाइक नरसिंहपुर जिला मुख्यालय की मंडी रोड स्थित मूनलाइट गार्डन के आगे पहुंची।

## धरती आबा और जनमन योजना जनजातीय क्षेत्रों के लिए वरदान



**खरगोन, एजेंसी।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि "धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना" और "प्रधानमंत्री जनमन योजना" जनजातीय क्षेत्रों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। जनजातीय क्षेत्र के ग्रामों बुनियादी सुविधाओं के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्हो1ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक सिकलसेल बीमारी के उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को पाने के लिए मरीजों के उपचार के साथ-साथ जन-जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। राज्यपाल श्री पटेल रविवार ने यह बात खरगोन के झिरन्या में आयोजित सिकलसेल शिविर कार्यक्रम में कहीं।

## महिलाओं को आगे कर वन अमले पर बरसाए पत्थर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा के गुड़ी रेंज के आमा खुजरी जंगल में अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीम पर हमला हो गया। आरोप है कि करीब 400 अतिक्रमणकारियों ने गोफन से पत्थर और लाठियों से हमला किया, जिसमें 8 वनकर्मी घायल हो गए। किसी का सिर फूट गया तो किसी का कान कट गया। सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक, बारिश के बाद वन भूमि पर फसल बोने की तैयारी की जा रही थी। इसे रोकने के लिए रविवार दोपहर करीब 12 बजे 40 वनकर्मी मौके पर पहुंचे। इसी दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। कर्मचारियों का आरोप है कि महिलाओं को आगे कर



दिया गया, जिससे टीम तुरंत कार्रवाई नहीं कर सकी। इसके बाद पीछे खड़े लोगों ने गोफन से बड़े-बड़े पत्थर बरसाए और लाठियों से हमला किया। हमले में ज्वाला सिंह, रोमांक नायक, शैलेंद्र यादव, राजेंद्र सिंह सक्तावत, राजेंद्र बागड़ी, प्रदीप बघेल, चंद्रपाल तोमर और राहुल लोधी समेत कई वनरक्षक घायल हुए हैं। ये सभी 2025 में भर्ती विशेष फ्लाइंग स्क्वॉड का हिस्सा हैं, जिन्हें जंगलों में अतिक्रमण रोकने के लिए तैनात किया गया था।

## ट्रक में जा घुसी कार पति-पत्नी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मिर्जापुर, एजेंसी।** मिर्जापुर में हाईवे पर खड़े ट्रक से अर्टिगा कार टकराने से पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए। हादसे में कार सवार उनके दो बच्चे शिवांश (4) और रुद्र (डेढ़ वर्ष) सुरक्षित बच गए। दोनों बच्चों को खरोंच तक नहीं आई। हादसा ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र में हनुमना जाने वाली लेन पर रविवार रात करीब 2 बजे हुआ। मध्य प्रदेश के कटनी निवासी परिवार काशी विश्वनाथ के दर्शन कर लौट रहा था। कार में चालक समेत कुल 8 लोग सवार थे। शुरुआती जांच में हादसे की वजह चालक को झपकी आना मानी जा रही है। कटनी निवासी मीडियाकर्मी विकास ताम्रकार (35) अपनी पत्नी सोनम (31), बेटे शिवांश (4) और छोटे बेटे रुद्र (डेढ़ वर्ष) के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन के लिए वाराणसी आए थे। उनके साथ रिश्तेदार हिमांशु ताम्रकार (27), सक्षम ताम्रकार (17) और राधा (40) भी थे। विकास ने यात्रा के लिए किराये पर अर्टिगा कार बुक की थी, जिसे चालक हीरालाल (23) चला रहा था। काशी विश्वनाथ के दर्शन के बाद सभी लोग शनिवार रात करीब 10 बजे वाराणसी से कटनी के लिए रवाना हुए।

### फिजिकल में फेल युवक ने किया सुसाइड

**भिंड, एजेंसी।** भिंड जिले के फूप थाना इलाके में रविवार को एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान रानी बिरगवां गांव निवासी 22 वर्षीय अजय बघेल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, अजय लंबे समय से पुलिस में जाने की तैयारी कर रहा था। लगभग तीन महीने पहले वह भर्ती प्रक्रिया में शामिल भी हुआ था। हालांकि, फिजिकल टेस्ट में उसे अनफिट घोषित कर दिया गया। इसी के बाद से वह काफी निराश और मानसिक तनाव में रहने लगा था।

खड़े-खड़े ट्रेन का समय बदलवा दिया

# सिंधिया के फोन के बाद अब 45 मिनट देरी से आएगी मेमू ट्रेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी। क्या आपने कभी सुना है कि किसी मंत्री ने खड़े खड़े फोन लगाकर ट्रेन के आने-जाने का समय बदलवा दिया हो! लेकिन एमपी में यह संभव है। दरअसल गुना में मेमू ट्रेन को हरीझंडी दिखाने के बाद लोगों की डिमांड पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डीआरएम को फोन लगाकर ट्रेन के वापसी का समय 45 मिनट आगे बढ़वा दिया।**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना रेलवे स्टेशन पर बीना-रुठियाई-बीना मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री का एक अलग ही जनसेवक रूप देखने को मिला, जब उन्होंने स्थानीय और दैनिक यात्रियों की मांग पर तुरंत संज्ञान लिया।



सिंधिया ने मौके पर ही मौजूद रेलवे के डीआरएम को निर्देश देकर मेमू ट्रेन की वापसी का समय 45 मिनट आगे बढ़वा दिया, ताकि इंदौर से आने वाले यात्रियों को अशोकनगर, मुंगावली और बीना के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिल सके।

चार दिवसीय संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आए केंद्रीय ज्योतिरादित्य सिंधिया रविवार को पूरी तरह विकास और जनसेवा के रंग में रंगे नजर आए। सुबह से लेकर देर रात तक सिंधिया ने स्वास्थ्य, कृषि, रेलवे और धार्मिक आस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और गुना वासियों को करोड़ों रुपये की सौगातें दीं। इससे पहले, रात के समय केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने गुना रेलवे स्टेशन पहुंचकर बीना-रुठियाई-बीना मेमू ट्रेन सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह नई रेल सेवा विद्यार्थियों, दैनिक यात्रियों और नौकरीपेशा लोगों के लिए बेहद किफायती साबित होगी। सिंधिया ने अपने दिन की शुरुआत राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत की। उन्होंने नन्हें-मुन्हें बच्चों को अपने हाथों से 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री बच्चों को दुलारते और उन्हें उपहार बांटते हुए बेहद सहज अंदाज में नजर आए।

## संपादकीय

# उत्पीड़न का जरिया न बने आपराधिक प्रक्रिया

सुप्रीम कोर्ट ने ओडिशा के एक सरकारी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़े मामले को ये कहते हुए रद्द कर दिया कि उन पर कोई ठोस आरोप नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपराधिक कार्यवाही से व्यक्ति की प्रतिष्ठा और आजादी को सामाजिक बदनामी और कभी न ठीक होने वाला नुकसान पहुंचता है। इसलिए, जब उपलब्ध सामग्री और सबूतों से अपराध के गंभीर न होने का संदेह पैदा हो तो आरोपी को मुकदमे की मुश्किल प्रक्रिया से गुजरने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस पी.बी. वराले की बेंच ने कहा कि अस्पष्ट बयानों के आधार पर मुकदमे की कार्यवाही नहीं चलाई जा सकती। बेंच ने ओडिशा के एक सरकारी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला यह देखते हुए रद्द कर दिया कि उन पर कोई ठोस आरोप नहीं था। बेंच ने कहा कि यह कोर्ट इस व्यापक विचार से भी सहमत है कि आपराधिक प्रक्रिया को उत्पीड़न का जरिया नहीं बनने दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि कानून को बेगुनाहों के लिए ढाल का काम करना चाहिए, न कि बदला लेने की भावना रखने वालों के हाथों में तलवार का। जहां उपलब्ध सामग्री से किसी अपराध के होने का पता न चले, वहां कोर्ट का फर्ज है कि वह कार्यवाही को शुरुआती चरण में ही इसे रोक दे। आपराधिक मुकदमा कोई मामूली औपचारिकता या केवल रस्म-अदायगी नहीं है जिसे बिना मेरिट के भी झेलना पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुकदमे की कार्यवाही शुरू करने से पहले स्पष्ट और ठोस सामग्री होनी चाहिए जिससे पता चले कि आरोपी ने अपराध किया हो सकता है। सर्वोच्च अदालत ने पाया कि सरकारी अधिकारी पर लगाया गया आरोप इतना व्यापक था कि उसमें कई लोगों को फंसाया जा सकता था, बिना यह देखे कि किसने क्या काम किया या किसकी क्या गलती थी; कानून के तहत ऐसा करना मंजूर नहीं है। हमारी राय है कि आरोपी के खिलाफ किसी साफ काम या ठोस आरोप के बिना, केवल सामान्य आरोपों के आधार पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

### सैर-सपाटा

# इंडिया के सबसे खतरनाक ट्रैकिंग रूट में शामिल हैं ये 5 जगहें

## जाने के लिए चाहिए जिगरा



एडवेंचर के शौकीन लोगों की कमी दुनिया में नहीं है और भारत केवल बिगिनर्स के लिए नहीं है। अकेले भारत में ही आपको ऐसे-ऐसे खतरनाक पहाड़ी रास्ते मिल जाएंगे जहां पर ट्रैकिंग करना आम लोगों के बस की बात नहीं है। इंडिया का कल्चर ही अलग-अलग नहीं है बल्कि यहां पर नेचर में भी काफी विविधता देखने को मिलती है। हिमालय की ऊंची पहाड़ियों पर बने रास्ते और एडवेंचर के शौकीन इन रास्तों की तरफ अट्रैक्ट होते हैं। बेहद खतरनाक रास्तों में इनकी गिनती होती है और एडवेंचर प्रेमी इन पर ट्रैकिंग के लिए जाते हैं। इंडिया में ऐसे 10 ट्रैक हैं जो बेहद खतरनाक माने जाते हैं और यहां पर जाना बेहद मुश्किल होता है।

### काफनी ग्लेशियर ट्रैक

काफनी ग्लेशियर ट्रैक की ऊंचाई सुनकर इसे हल्के में बिल्कुल ना लें। ये इंडिया के कुछ खतरनाक रास्तों में से एक हैं जिसकी ट्रैकिंग करना बिगिनर्स के लिए मुश्किल है। 85 किमी लंबे ट्रैक पर ट्रैकिंग करनी होती है जो डिफिकल्ट टू मॉडरेट रहती है। वहीं हाई अल्टीट्यूड की वजह से ये ट्रैकिंग काफी मुश्किल हो जाती है। यहां ट्रैक के रास्तों में रात गुजारने के लिए केवल टेंट ही एकमात्र साधन है और कम से कम 7 दिन का वक्त ट्रैकिंग पूरी करने में लगता है।

### गोएचाला ट्रैक

सिक्किम के योक्सुम से ये ट्रैक शुरू होता है जो कि समुद्र से 5600 फिट की ऊंचाई पर है। इस ट्रैक को पूरा करने में पूरे 11 दिन का समय लगता है। ट्रैक का रास्ता पनखोला के जंगलों से होकर गुजरता है जहां पर कई झरने देखने को मिलते हैं। इस ट्रैक पर जाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। तीखी ढलान किसी भी एंगल से बिगिनर्स के लिए नहीं है। पूरा ट्रैक लगभग 90 किमी का है।

### मारखा वैली ट्रैक

मार्खा वैली लेह की सबसे बड़ी घाटी है और पल-पल बदलते नजारों के लिए प्रसिद्ध है। यहां ट्रैकिंग के रास्ते में कई पुरानी इमारते, बौद्ध टेंपल, मोनैस्ट्री देखने को मिलती है। इस ट्रैक की सबसे बड़ी खासियत है कि लौटने के लिए उसी रास्ते का इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

### रूपकुंड लेक ट्रैक

उत्तराखंड के पहाड़ों में बना ये ट्रैक ट्रैकिंग करने वाले शौकीन लोगों के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यहां ट्रैकर्स बेड़मी कुंड से होते हुए रूपकुंड तक जाते हैं और इन दोनों के बीच का रास्ता सबसे कठिन है। 9 दिन का ट्रैक खूबसूरत खास के मैदान और पहाड़ी गांवों से होकर गुजरता है। इस रास्ते पर ऑक्सीजन की कमी कई बार सिर दर्द, पेट दर्द जैसी समस्याओं को भी पैदा करने लगती है।

### स्टोक कांगड़ी ट्रैक

लद्दाख के हेमीस नेशनल पार्क में बना ये ट्रैक कठिन और खतरनाक ट्रैक में से एक है। जो दुनिया के सबसे लंबे पहाड़ों की रेंज पर बना है। इस ट्रैक पर जनस्कार नदी और इंडस वैली के खूबसूरत नजारे देखने को मिलते हैं। पूरे 10 दिन का ये ट्रैक जून से अगस्त के महीने में जाने के लिए बेस्ट होता है। यहां ऊंचाई पर जाना शुरू करते ही ऑक्सीजन कम होने लगती है। जिसकी वजह से ऑल्टीट्यूड सिकनेस, सिरदर्द, चक्कर, उल्टी जैसी समस्या होने लगती है।

New Delhi

# धर्मेंद्र प्रधान होंगे बाहर या बदलेगा मंत्रालय? कैबिनेट फेरबदल की चर्चाएं तेज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के मंत्रालय को लेकर अटकलों का दौर जारी है। कहा जा रहा है कि उनका विभाग बदला जा सकता है। दरअसल, ये घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहे हैं, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली कैबिनेट में फेरबदल की सुगबुगाहट है। हालांकि, कहा यह भी जा रहा है कि इस दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण समेत कई बड़े नामों को लेकर भी विचार विमर्श का दौर जारी है। बहरहाल, भाजपा या एनडीए की तरफ से इसे लेकर अब तक आधिकारिक रूप से कुछ नहीं बताया गया है।



भाषा की रिपोर्ट के मुताबिक, शीर्ष स्तर से मिल रहे संकेतों के अनुसार, यह फेरबदल अब कभी भी और शायद संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले किया जा सकता है। इस संबंधी विचार-विमर्श की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी की नई टीम की घोषणा के साथ किया जाएगा। सूत्रों ने संकेत दिया कि अगर फेरबदल होता है तो यह जुलाई में कभी भी हो सकता है। संसद का मानसून सत्र आम तौर पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है। मंत्रिमंडल में फेरबदल की तारीख प्रधानमंत्री के व्यस्त कार्यक्रम को ध्यान में रखकर तय किए जाने की संभावना है।

Uttarpradesh

## दबंगों ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दी पड़ोसी की दुकान, देर रात 60-70 लोगों ने बोला था धावा, FIR दर्ज



**झांसी, (एजेंसी)** यूपी के झांसी में 60 से 70 लोगों ने गुंडई दिखाते हुए जमीन पर कब्जा करने के प्रयास में एक दुकान को बुलडोजर से तोड़ दिया. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. आरोप यहां तक है कि दबंगों ने दुकान को तोड़ने से पहले दुकानदार को घर के अंदर कैद कर दिया और सीसीटीवी कैमरों के तार काट दिए. पीड़ित परिवार काफी दहशत में है. सुरक्षा को देखते हुए पुलिसकर्मियों को उसके घर के बाहर लगा दिया गया है. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.

आपको बता दें कि पूरा मामला मामला झांसी जिले के सीपरी बाजार थानान्तर्गत मिशन कम्पाउंड का है. यहां जेम्स थॉमस अपने घर के बाहर लकी प्रोविजन स्टोर नाम से पिछले कई सालों से दुकान खोले हुए हैं. इसी दुकान से वह अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं. लेकिन अब ये दुकान ध्वस्त कर दी गई है. जेम्स के अनुसार, पड़ोस में रहने वाला दबंग मणि सरौलिया और उसका परिवार उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहता है. मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है. इस बीच रात में जब वह घर में सो रहे थे तभी पड़ोसी मणि सरौठिया अपने 60 से 70 लोगों के साथ वहां आया और घर के बाहर दरवाजों पर पहले तो ताले लगा दिए. फिर सीसीटीवी कैमरों के तार काटकर घर के बाहर रखी दुकान बुलडोजर से तोड़ डाली.

New Delhi

## भूख हड़ताल शुरू की

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** लद्दाख के सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने रविवार को जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। NEET पेपर लीक और CBSE की गड़बड़ियों के विरोध में जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन का आज 9वां दिन है। CJP पिछले 20 जून से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही है। भूख हड़ताल शुरू होते ही जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी और स्टूडेंट जुटने लगे। लद्दाख के सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने रविवार को जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। NEET पेपर लीक और CBSE की गड़बड़ियों के विरोध में जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन का आज 9वां दिन है। CJP पिछले 20 जून से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही है। भूख हड़ताल शुरू होते ही जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी और स्टूडेंट जुटने लगे।



Bihar

## पटना सिटी में खाद्य तेल के गोदाम में लगी भीषण आग, 50 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर खाक

**पटना, (एजेंसी)** पटना सिटी इलाके में रविवार मध्य रात्रि डालडा, रिफाइन और सरसों तेल के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की 22 छोटी और बड़ी गाड़ियों ने करीब छह घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अगलगी में सबकुछ जलकर खाक हो गया। अनुमान के मुताबिक इस हादसे में डालडा, रिफाइंड और सरसों तेल समेत 50 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हादसा दीदारगंज थाना क्षेत्र के करमलीचक स्थित महुली रोड पर हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात करीब साढ़े 12 बजे सबसे पहले गोदाम से धुआं निकलता दिखाई दिया।



आसपास मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना गोदाम के गार्ड को दी। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। मौके पर मौजूद गार्ड ने पहले आपातकालीन सेवा से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं होने पर फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया।

खेल

# महिला टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हुई भारतीय टीम, ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** रविवार को 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से 6 विकेट की हार के बाद भारतीय महिला टीम टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गई. इस मैच में हरमनप्रीत कौर ने शानदार 56 रनों की पारी खेली. उनके साथ स्मृति मंधाना ने 38 और शैफाली वर्मा ने 34 रन जोड़ते हुए भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया. टीम ने 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 170 रन बनाए. 171 रन का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बढ़ गया था क्योंकि भारत ने जरूरी रन रेट को 10 के करीब पहुंचा दिया था. हालांकि, खराब गेंदबाजी, फील्डिंग में छूटे मौकों और दबाव बनाए न रख पाने के कारण ऑस्ट्रेलिया ने मैच पर फिर से पकड़ बना ली. ऑस्ट्रेलिया के हाथों भारत की यह एक और दुखद हार थी, इससे पहले 2024 महिला T20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में भी इसी टीम से हारकर भारत बाहर हो गया था. हरमनप्रीत कौर की टीम लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर अपना पहला T20I मैच खेल रही थी, लेकिन यह ऐतिहासिक मौका निराशाजनक रूप से खत्म हुआ. भारतीय महिला टीम ने इस मैच में कुल 170 रन बनाए. भारत की ओर से हरमनप्रीत कौर ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और महज 27 गेंदों में 56 रनों की बेहतरीन पारी खेली. उनके साथ ही स्मृति ने 37 गेंदों में 38 रन और शेफाली वर्मा ने 26 गेंदों में 34 रनों का अहम योगदान दिया. दूसरी तरफ, ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में सोफी मोलिनेक्स सबसे सफल खिलाड़ी रहीं, जिन्होंने अपने 4 ओवरों के स्पेल में 46 रन देकर 4 विकेट हासिल किए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए एलिस पेरी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों में 56 रन बनाए.




सिनेमा

## जब ऋतिक रोशन की एक हरकत से रोने लगी थीं मां पिंकी रोशन

### राकेश रोशन ने सुनाया बचपन का खौफनाक किस्सा



ऋतिक रोशन ने एक बार बचपन में अपने पिता राकेश रोशन और मां पिंकी को तगड़ा शॉक दिया था। दरअसल ऋतिक अचानक से घर से गायब हो गए थे जिससे उनके माता-पिता बेहद घबरा गए थे। दरअसल 'वॉर' एक्टर ऋतिक रोशन अपने फिल्ममेकर पिता राकेश रोशन के साथ 'द कपिल शर्मा शो में आए थे जहां बाप-बेटे की जोड़ी ने कई सारी बातें डिस्कस की और इस बीच ऋतिक की बचपन की शैतानियों का भी जिक्र किया जिनमें से एक ने उन्हें बेहद डरा दिया था। राकेश रोशन ने कहा, ''हम घर लौटे। वह (ऋतिक) स्कूल से तो आ गया था, लेकिन घर में कहीं दिख नहीं रहा था। हमने सारे कमरे देखे। हमारा बेडरूम बंद था और चाबियां हमारे पास थीं। इसलिए, उसके बेडरूम में होने का सवाल ही नहीं था। 2-3 घंटे बीत चुके थे, लेकिन वह हमें कहीं नहीं मिला। हमने पुलिस को भी फोन किया।'' लेकिन, इस सारी हलचल के बीच किसी को पता नहीं था कि ऋतिक असल में अपने माता-पिता के बेडरूम के अंदर ही थे, जहां वह चुपके से 'बैटमैन वर्सेस सुपरमैन' मूवी देख रहे थे। राकेश रोशन ने आगे बताया कि ऋतिक बेडरूम की छोटी सी खिड़की से चुपचाप खिसककर अंदर कमरे में चले गए क्योंकि वो सुपरमैन मूवी देखना चाहते थे। एक्टर मूवी देखते देखते वहीं सो भी गए।

## Highlights

1. Bullet train to cut Jewar-Lucknow travel time to 1 hr 40 mins: Vaishnaw
2. ED attaches ex-Assam DIG's ₹53.28-cr assets in corruption case
3. Delhi records season's highest feels-like temperature at 51.3°C
4. Intern steals 32 weapons from Faridabad police station & sells them in 3 states, arrested
5. Raids at homes of 8 people accused of Ram Mandir donation theft
6. Maharashtra to recognise flat owners in land records: Report
7. Lookout notice issued against Sudhir Valia in ₹1,000-cr fraud case
8. Google limits Meta's access to Gemini AI models: Report

# PPF withdrawal before 15 years: When can you withdraw early and is there a penalty?




**NEW DEIHI, (Agency).** A Public Provident Fund (PPF) account is designed as a long-term savings scheme with a 15-year lock-in period, which can be extended post maturity. But what if an account holder needs the money before the account reaches maturity?

The good news is that PPF rules allow account holders to access their funds before maturity in certain situations. Depending on the reason, a depositor is allowed to make a partial withdrawal or close their account prematurely.

When can you make a premature withdrawal?

A PPF account can be closed before its 15-year maturity period only in a few specified situations: Premature closure is allowed for:

Medical emergencies: Treatment of the account holder, spouse, dependent children or parents in case of serious illness.

Higher education: If the money is required to meet the education expenses of the account holder or their dependent children.

Change in residency status: If the account holder becomes a non-resident.

However, it is crucial to noted that premature closure is permitted only after the account has completed five financial years from the end of the financial year in which it was opened. Another important point to remember is that early withdrawal can result in penalty or loss of interest income.

What is the penalty for premature withdrawal?

If you close your PPF account prematurely under the permitted conditions, the interest earned on the account will be recalculated at a rate of 1% lower than the interest that was credited from the data the account was opened or from the date of extension (where applicable).

Since this lower rate is applied retrospectively, it effectively reduces the overall returns you receive on your PPF investments over the years.

You can also consider partial withdrawal

If you don't require all your PPF funds immediately, then you can also opt for a partial withdrawal instead of closing the account altogether. Partial withdrawal from a PPF account is possible when the account has been operational for at least five years from the end of the financial year in which it was opened.

# ठगी के आरोपियों की तलाश में इंदौर पहुंची तेलंगाना पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। साइबर ठगी के एक मामले की जांच में तेलंगाना पुलिस की टीम रविवार सुबह इंदौर पहुंची। टीम सबसे पहले पलासिया स्थित पुलिस कंट्रोल रूम पहुंची, जहां से उन्हें खजराना थाना भेजा गया। बताया जा रहा है कि पुलिस साइबर फ्रॉड से जुड़े आरोपियों की तलाश में आई थी। सूत्रों के अनुसार, इस कार्रवाई में इंदौर और भोपाल से तीन लोगों को हिरासत में लिए जाने की भी चर्चा है।**



खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि रविवार सुबह तेलंगाना पुलिस की एक टीम खजराना थाने पहुंची थी। टीम ने साइबर फ्रॉड से जुड़े एक आरोपी के संबंध में जानकारी जुटाई। कार्रवाई के दौरान खजराना पुलिस भी उनके साथ रही और स्थानीय स्तर पर आरोपी की पहचान कर उसे तेलंगाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोपी कपिल अहीर, तथा तिलक शैवाल है। कपिल मूल रूप से बुहानपुर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से पलासिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि वर्तमान में वह खजराना चौराहे के पास रह रहा था। तेलंगाना पुलिस ने नियमानुसार थाने में आमद दर्ज कर कार्रवाई की। टीआई मनोज सेंधव ने बताया कि मामला पलासिया थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। फिलहाल जांच जारी है। कार्रवाई से जुड़े आरोपियों के नाम और अन्य जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## इंदौर-उज्जैन बस डंपर से टकराई, 6 यात्री घायल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नावदा पंथ क्षेत्र में रविवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। इंदौर से उज्जैन जा रही एक यात्री बस गधा टेकरी के पास पीछे से डंपर से टकरा गई। हादसे में बस में सवार छह यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि हादसा गधा टेकरी के पास हुआ। इंदौर से उज्जैन जा रही बस सड़क पर चल रहे डंपर से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में बैठे कई यात्रियों को चोटें आईं। हादसे में प्रकाश (पुत्र मांगीलाल), शोभा, भूपेंद्र (पुत्र मोतीलाल), रितू, दिलीप (पुत्र बंशीलाल), घनश्याम नाथ और दिनेश घायल हुए हैं। सभी इंदौर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एमवाय अस्पताल भेजा गया। बस ड्राइवर का कहना है कि बस के ब्रेक नहीं लगने के कारण वह डंपर से टकरा गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## घोड़ी को पीटने और जबरन नचाने वालों पर FIR

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नृसिंह बाजार चौराहे के पास घोड़ी को डंडे से पीटने और जबरन नचाने के वायरल वीडियो मामले में पंढरीनाथ पुलिस ने कार्रवाई की है। शनिवार रात पशु कल्याण संस्था की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता और लापरवाही से जीवन को खतरे में डालने की धाराओं में दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, पशु कल्याण संस्था के अध्यक्ष प्रियांशु जैन की शिकायत पर घोड़ी को डंडे से पीटने के मामले में शब्बीर और शूटर निवासी इकबाल कॉलोनी के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 125 के तहत केस दर्ज किया गया है। दूसरे वायरल वीडियो में घोड़ी को सड़क पर जबरन नचाने के मामले में वसीम खान निवासी मदीना नगर और रियाज निवासी बड़वाली चौकी के खिलाफ भी इन्हीं धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## ई रिक्शा ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से 68 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें ई-रिक्शा चालक ओवरटेक करने के प्रयास में बुजुर्ग को टक्कर मारकर मौके से फरार होता दिखाई दे रहा है। पुलिस आरोपी**



**चालक और ई-रिक्शा की तलाश कर रही है।**

पंढरीनाथ थाना पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राजकुमार पुत्र ईश्वर दास (68), निवासी द्वारकापुरी के रूप में हुई है। वे पंढरीनाथ क्षेत्र में चाय की होटल संचालित करते थे। घटना के समय वह चाय देकर वापस लौट रहे थे, तभी तेज गति से आए ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि ई-रिक्शा चालक आगे चल रहे एक अन्य रिक्शा को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान उसने सड़क पर जा रहे राजकुमार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल राजकुमार को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार ई-रिक्शा चालक की तलाश शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक